प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 06.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार ने पकड़ा जोर, भाजपा और झामुमो समेत अन्य दलों के नेताओं ने अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा समर्थन।**
2. **राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश भाजपा जारी करेगी आरोप पत्र, सात सदस्यीय समिति गठित।**
3. **राज्य सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों को दी आर्थिक सहायता, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि आवंटन को लेकर जारी किया आदेश।**
4. **भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को रांची में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे शिरकत।**

और

5. **झारखंड फुटबॉल स्टेट चैंपियनशिप 10 से खरसावां में, सरायकेला–खरसावां डीएसए को मिली मेजबानी।**

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार ने जोर पकड लिया है। भाजपा और झामुमो के नेता और अन्य दल अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार में जुटे हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक और पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आज सर्कस मैदान दाहिगोड़ा में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में चुनावी रैली की।

इधर, दामपाड़ा मैदान में पार्टी प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक और विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड आंदोलन में स्वर्गीय रामदास सोरेन की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य को संवारने का सपना देखा था। अब इस सपने को उनके पुत्र सोमेश सोरेन पूरा करेंगे।

****

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 60 दशमलव एक तीन फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67 दशमलव तीन दो प्रतिशत और शेखपुरा में सबसे कम 52 दशमलव तीन छह वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55 दशमलव शून्य दो प्रतिशत मतदान हुआ है।

****

हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में आरोप पत्र तैयार करने के लिए सात सदस्यीय आरोप पत्र समिति का गठन किया है।

****

राज्य सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले 23 नक्सलियों और उग्रवादियों को राज्य की आत्मसमर्पण नीति के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि आवंटन को लेकर आदेश जारी किया है।

****

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी देशभर में कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसके तहत कल झारखंड समेत देशभर में 150 स्थानों पर 150 लोग वंदे मातरम का सामूहिक गायन करेंगे।

****

राज्य सरकार सरकारी और निजी अस्पतालों में आईसीयू और सीसीयू की व्यवस्था को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाने की कोशिश में है। इस सिलसिले में आज रांची में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें दिशा में क्रिटिकल केयर यूनिट्स के एसओपी पर चर्चा की गयी।

****

खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से असम की अर्थव्यवस्था को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।

****

बोकारो में पुलिस ने चास थाना क्षेत्र में बीते 27 अक्टूबर की देर शाम हुई आईआरबी जवान अजय कुमार की हत्या के मामले में आरोपी बलराम तिवारी और उसके साथी सूरज कुमार को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया है। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बलराम तिवारी के पास से एक देशी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गयी बाइक भी जब्त की गयी है।

****

15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पूरे देश में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनायी जाएगी। इस अवसर पर रांची के पदमश्री रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान में भव्य आयोजन किया जाएगा। जनजाति आयोजन समिति ने आज मोरहाबादी स्थित बाबू वाटिका के पास प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शामिल होंगे।

****

सरायकेला खरसावां जिले के अर्जुन स्टेडियम में 10 नवंबर से झारखंड फुटबॉल स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता की मेजबानी जिला खेल एसोसिएशन को मिली है। इसमें मेजबान सरायकेला खरसावां के अलावा खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, घाटशिला एवं चक्रधरपुर की टीम भाग लेगी। मेजबान टीम सरायकेला खरसावां का आवासीय प्रशिक्षण शिविर कल सुबह 9 बजे से शुरु हो रहा है।

********समाप्त*********